A **समग्र शिक्षा केरल** **709**

FIRST TERMINAL EVALUATION 2024-25

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 7 **हिंदी** समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देशः

- ✳ **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- ✳ **गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**
- ✳ **2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।**

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नीना एक छोटी-सी लड़की थी। वह एक शहर में रहती थी। उसे कहानियाँ बहुत पसंद थीं। पर उसे कहानियाँ सुनाने के लिए किसीके पास समय नहीं था। माँ बोली, "मुझे काम करना है।" पापा बोले, "मैं तो अखबार पढ़ रहा हूँ।"

क) नीना कहाँ रहती थी?

अ) गाँव में आ) शहर में

इ) जंगल के पास ई) नदी के किनारे

ख) नीना को क्या पसंद थी?

अ) नाटक देखना आ) सिनेमा देखना

इ) कविता सुनना ई) कहानी सुनना

ग) "मुझे काम करना है।" यह किसने कहा?

अ) माँ ने आ) पिता ने

इ) नीना ने ई) भाई ने

घ) पापा ने क्या कहकर कहानी नहीं सुनाई ?

अ) मैं तो समाचार सुन रहा हूँ। आ) मैं तो अखबार पढ़ रहा हूँ।

इ) मैं तो टी.वी देख रहा हूँ। ई) मैं तो खाना खा रहा हूँ।

ङ) खंड के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) कहानियाँ सुनाने के लिए सबके पास समय था।

आ) कहानियाँ सुनाने के लिए केवल पापा के पास समय था।

इ) कहानियाँ सुनाने के लिए केवल माँ के पास समय था।

ई) कहानियाँ सुनाने के लिए किसीके पास समय नहीं था।

गतिविधि 2

सूचना : 'खुद से प्यार' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सूरज अपनी आग से
> इतना प्यार करे कि
> वह दे सके आग
> दुनिया को भी!
>
> \- शोभनाथ यादव

क) **संसार** के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन सा है?

अ) सूरज आ) आग

इ) प्यार ई) दुनिया

ख) सूरज दुनिया को क्या देता है?

ग) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि 3

सूचना : संकेत पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नाम - जवाहरलाल नेहरू

जन्म - इलाहाबाद में

माता स्वरूप रानी और पिता मोतीलाल नेहरू

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री

बच्चे प्यार से चाचाजी बुलाते

क) नेहरूजी को बच्चे प्यार से क्या बुलाते हैं?

ख) नेहरूजी की **प्रोफ़ाइल** तैयार करें।

गतिविधि 4

सूचना : 'साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> एशिया का सबसे साफ़-सुथरा गाँव मावलिन्नोंग मेघालय में है। साल 2003 में इस गाँव को एशिया के सबसे साफ़-सुथरे गाँव के तौर पर चुना गया।

क) मावलिन्नोंग गाँव की विशेषता क्या है?

ख) 'साफ़-सफ़ाई हमारा दायित्व है' - इस आशय पर **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचना : 'यह धरती है उस किसान की' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> नए वर्ष में नई फ़सल के
> ढेर अन्न का लग जाता है।
> यह धरती हैं उस किसान की।
> नहीं राव की, नहीं रंक की,
> नहीं किसीकी, नहीं किसीकी
> धरती है केवल किसान की।

क) अन्न का ढेर कब लग जाता है?

ख) कवितांश के आधार पर **दो सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

अ) यह धरती किसान की है।
आ) यह धरती केवल राव की है।
इ) यह धरती किसान की नहीं है।
ई) यह धरती केवल रंक की नहीं है।

ग) 'यह धरती केवल किसान की है, और किसीकी नहीं है' -यह **आशयवाली दो पंक्तियाँ** चुनकर लिखें।

गतिविधि 6

सूचना : 'गांधीजी की नमक कथा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गांधीजी सालों पहले अपने कुछ साथियों के साथ अहमदाबाद से पैदल दांडी नाम के समुद्र किनारे के गाँव चल पड़े। वे वहाँ जाकर समुद्र के पानी से खुद नमक बनाकर अंग्रेज़ों का काला कानून तोड़ना चाहते थे।

क) गांधीजी अहमदाबाद से दांडी कैसे चल पड़े?

ख) सहायक बिंदुओं के आधार पर गांधीजी की दांडी यात्रा पर **रपट** तैयार करें।

सहायक बिंदु :

- अहमदाबाद की ओर निकलना।
- साथियों के साथ पैदल चलना।
- पानी से खुद नमक बनाने को सोचना।
- अंग्रेज़ों का काला कानून तोड़ने को चाहना।